| | | | |
|---|---|---|---|
| **Publication** | पंजाब केसरी | **Language** | Hindi |
| **Edition** | Jaipur | **Journalist** | |
| **Date** | 31/05/2025 | **Page no** | 2 |
| **CCM** | N/A | | |

# सहकार सम्मेलन का उद्घाटन करने जयपुर आ सकते हैं गृहमंत्री शाह

## सहकार सम्मेलन का उद्घाटन करने जयपुर आ सकते हैं गृहमंत्री शाह

जयपुर, 30 मई (विसं) : केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह अगले माह जयपुर आ सकते हैं। वे जयपुर में प्रस्तावित सहकार सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। बताया जाता है कि इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को दिल्ली में उनसे मुलाकात कर आमंत्रित किया है। मालूम हो



कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने साल 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है। इसके तहत केंद्र ने राज्यों को सहकारिता में 54 टास्क दिए हैं। इसी के तहत प्रदेश में सहकार सम्मेलन आयोजित होना है। अमित शाह बतौर सहकारिता मंत्री सम्मेलन का उद्घाटन कर सकते हैं। दिल्ली में मुलाकात के दौरान सीएम भजनलाल शर्मा ने अमित शाह को पैक्स के कंप्यूटराइजेशन, म्हारो खातो म्हारो बैंक, गोपाल-क्रेडिट कार्ड योजना और सहकार से समृद्धि अभियान से जुड़े विषयों की जानकारी दी।

********

Downloaded from
SAMVAD